## प्रेस नोट दिनांक 22-03-2023 जनपद सिद्धार्थनगर

## पुलिसकर्मियों के प्रशिक्षण हेतु पुलिस लाइन्स में नवनिर्मित जिला प्रशिक्षण केन्द्र का हुआ उद्घाटन।

आज दिनांक 22-03-2023 को श्री अखिल कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर द्वारा पुलिस लाइन सिद्धार्थनगर में पुलिसकर्मियों को बेहतर प्रशिक्षण हेतु नव निर्मित जिला प्रशिक्षण केन्द्र का उद्घाटन किया गया।

श्री अमित कुमार आनन्द, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा पुलिस कर्मियों को बेहतर प्रशिक्षण हेतु पुलिस लाइन्स में एक नई वातानुकूलित जिला प्रशिक्षण केन्द्र का निर्माण कराया गया। महोदय द्वारा बताया गया कि जिला प्रशिक्षण केन्द्र में विवेचना की गुणवत्ता में सुधार लाने व विवेचकों की दक्षता को बेहतर बनाने, साइबर क्राइम आदि की ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके साथ ही पुलिसकर्मियों की कार्य कुशलता को बेहतर करने के लिए उन्हें फोरेंसिक, साइबर क्राइम व सर्विलांस का नियमित प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। वहीं, यूपी-112 सेवा से जुड़े पुलिसकर्मियों को भी उपलब्ध डेटा के आधार पर एनालिसिस व क्राइम मैपिंग का प्रशिक्षण कराया जाएगा। साथ ही यह भी बताया गया कि प्रशिक्षण केन्द्र में स्टेट आफ द आर्ट उपकरणों का प्रयोग किया गया है। जिसमें अत्याधुनिक कम्प्यूटर, डिजिटल बोर्ड सहित वाई फाई की सुविधा है। इस अवसर पर सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर, क्षेत्राधिकारीगण, भूतनाथ गुप्ता, प्रतिसार निरीक्षक चन्दन कुमार, पी0आर0ओ0 पुलिस अधीक्षक व अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## प्रेस नोट दिनांक 22-03-2023 जनपद सिद्धार्थनगर

### पुलिसकर्मियों व परिवारजन के वेलफेयर के लिये हुई एक नई पहल।
### पुलिस लाइन्स में किया गया नवनिर्मित क्रिकेट ग्राउन्ड का उद्घाटन।

आज दिनांक 22-03-2023 को श्री अखिल कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर द्वारा पुलिस लाइन सिद्धार्थनगर में पुलिसकर्मियों के बच्चों व पुलिसकर्मियों के लिये एक नव निर्मित क्रिकेट ग्राउन्ड का फीता काटकर उद्घाटन किया गया।

श्री अमित कुमार आनन्द, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा पुलिस कर्मियों व परिवारजन के लिये पुलिस लाइन्स में एक नवनिर्मित क्रिकेट ग्राउन्ड का निर्माण कराया गया। महोदय द्वारा बताया गया कि पुलिस लाइन में स्थित क्रिकेट ग्राउण्ड के बन जाने से पुलिसकर्मी खेल के लिए प्रोत्साहित होगें तथा जनपदीय पुलिस क्रिकेट टीम द्वारा नियमित अभ्यास किया जायेगा और समय-समय पर पत्रकार बन्धुओं सहित विभिन्न टीमो के साथ मैचों का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर, क्षेत्राधिकारीगण, भूतनाथ गुप्ता, प्रतिसार निरीक्षक चन्दन कुमार, पी0आर0ओ0 पुलिस अधीक्षक व अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## प्रेस नोट दिनांक 22-03-2023 जनपद सिद्धार्थनगर

**श्री अखिल कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर द्वारा पुलिस लाइन सिद्धार्थनगर में नवनिर्मित क्रिकेट ग्राउण्ड का उद्घाटन अमित कुमार आनदं, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया।**

आज दिनांक 22-03-2023 को श्री अखिल कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर द्वारा पुलिस लाइन सिद्धार्थनगर में नवनिर्मित क्रिकेट ग्राउण्ड का उद्घाटन अमित कुमार आनदं, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। पुलिस लाइन में स्थित क्रिकेट ग्राउण्ड के बन जाने से पुलिसकर्मियो को खेल के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है जिससे उनके स्वास्थ पर अनुकूल प्रभाव पड़े तथा जिससे पुलिसकर्मियों के खेलने के लिए पुलिस लाइन में क्रिकेट ग्राउण्ड होगा। इस अवसर पर सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर, अखिलेश कुमार वर्मा, क्षेत्राधिकारी सदर, गर्वित सिंह, पुलिस उपाधीक्षक लाइन, भूतनाथ गुप्ता, प्रतिसार निरीक्षक चन्दन कुमार, पी0आर0ओ0 पुलिस अधीक्षक व अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

**<u>प्रेस नोट दिनांक 22-03-2023 साईबर सेल,जनपद सिद्धार्थनगर</u>**

**अज्ञात लिंक द्वारा खाते से फ्राड हुए सम्पूर्ण धनराशि ₹14700 /- को साइबर सेल सिद्धार्थनगर ने कराया वापस ।**

अमित कुमार आनन्द पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में जनपद सिद्धार्थनगर में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर सिद्धार्थ के पर्यवेक्षण व नेतृत्व में प्रभारी साइबर सेल सुभाष यादव व टीम साइबर सेल द्वारा अंकित कुमार पता ग्राम गोनहा थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर के खाते से फ्राड हुए धनराशि को कार्यवाही करते हुए अंकित कुमार के खाते में रूपये 14700 /- वापस कराये गए।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

शिकायतकर्ता अंकित कुमार पता ग्राम गोनहा थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर को अज्ञात व्यक्ति द्वारा मोबाइल पर लिंक भेजकर कुल 14,700 रुपये का फ्राड कर लिया गया था। शिकायतकर्ता उपरोक्त को जैसे ही ज्ञात हुआ कि उसके साथ फ्राड हो गया है। उक्त की सूचना साइबर सेल सिद्धार्थनगर को तथा साइबर पुलिस पोर्टल 1930 पर दी । उक्त शिकायत पर साइबर सेल की टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए दिनांक 21/03/2023 को अंकित कुमार के खाते में सम्पूर्ण धनराशि रूपये 14,700 /- वापस कराया गया | साइबर टीम के उक्त सराहनीय कार्य के लिए अंकित कुमार द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

**धनराशि बरामद कराने वाली साइबर पुलिस टीम-**

01-निरीक्षक सुबाष यादव, प्रभारी साइबर सेल जनपद सिद्धार्थनगर।

02- उप0 निरीक्षक श्री हरिओम कुशवाहा, साइबर सेल जनपद सिद्धार्थनगर।

03- आरक्षी अतुल चौबे साइबर सेल, जनपद सिद्धार्थनगर।

04- आरक्षी अजय यादव साइबर सेल, जनपद सिद्धार्थनगर।

05- आरक्षी आशुतोष जायसवाल साइबर सेल, जनपद सिद्धार्थनगर।

06- आरक्षी राहुल मौर्या साइबर सेल, जनपद सिद्धार्थनगर।

07- आरक्षी शिवम् मौर्या साइबर सेल, जनपद सिद्धार्थनगर।

## प्रेस नोट दिनांक 22-03-2023 जनपद सिद्धार्थनगर।

**महिला थाना पर परिवार परामर्श केंद्र/नई-किरण का आयोजन कर जनपद सिद्धार्थनगर पुलिस द्वारा 01 परिवार को बिखरने से बचाया गया।**

अमित कुमार आनन्द, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देश पर आज दिनांक 22-03-2023 को महिला थाना सिद्धार्थनगर पर परिवार परामर्श केंद्र/नई किरण का आयोजन किया गया। इस आयोजन में 03 पत्रावली विचारार्थ प्रस्तुत हुई। जिसमें परामर्श के बाद 01 पत्रावली का सफल निस्तारण कर परिवार को बिखरने से बचाया गया तथा शेष 02 पत्रावली में वार्ता प्रचलित है , 01 परिवार को बिखरने से बचाने मे महिला थानाध्यक्ष श्रीमती मीरा चौहान म0हे0का0 सविता सिंह व म0 आ0 प्रियम्बदा सिंह म0आ0 नेहा सिंह महत्वपूर्ण योगदान रहा।

**निस्तारित पत्रावली का विवरण-**

01. नंद लली पत्नी लव कुश साकिन महुलानी थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।

## प्रेस नोट दिनांक 22-03-2023 जनपद सिद्धार्थनगर

**ऑपरेशन शिकंजा के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना मोहाना पुलिस की प्रभावी पैरवी से एनडीपीएस एक्ट के आरोपी को 10 वर्ष के कठोर कारावास व ₹1,00,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया**

ऑपरेशन शिकंजा के अन्तर्गत अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के सम्बन्ध में अमित कुमार आनन्द, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में आज दिनांक 22-03-2023 को जनपद सिद्धार्थनगर के थाना मोहाना पर पंजीकृत मु0अ0सं0 885/2013 धारा 8(बी)ii(स) एनडीपीएस एक्ट (वाद संख्या- 19/2013) से सम्बन्धित अभियुक्त राजू उर्फ इस्माइल पुत्र छोटक बंजारा निवासी भगवानपुर थाना मोहाना सिद्धार्थनगर को प्रभावी पैरवी कर दण्डित कराया गया। उक्त अभियोग से सम्बन्धित अभियुक्त राजू उर्फ इस्माइल को माननीय न्यायधीश हिमांशु दयाल श्रीवास्तव न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-2 सिद्धार्थनगर द्वारा 10 वर्ष के कठोर कारावास व ₹1,00,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल सिद्धार्थनगर, अपर जिला शासकीय अधिवक्ता राम सूरत यादव व न्यायालय पैरवीकार मुख्य आरक्षी सुरेन्द्र प्रसाद थाना मोहाना का सराहनीय योगदान रहा।

**प्रेस नोट- दिनांक 22.03.2023 थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर**

**थाना डुमरियागंज पुलिस द्वारा चोरी की बुलेट मोटर साइकिल के साथ 01 नफर अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

अमित कुमार आनंद पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में राणा महेंद्र प्रताप सिंह क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में विंदेश्वरी मणि त्रिपाठी प्रभारी निरीक्षक थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियो की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 22.03.2023 को थाना डुमरियागंज पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 54/2023 धारा-411,419,420,467,468,471 भादवि0 से सम्बन्धित 01 नफर अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**
01.अब्दुल कादिर पुत्र करम हुसैन निवासी बसंतपुर थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर।

**बरामदगी का विवरण-**
01. एक अदद बुलेट मोटर साइकिल

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**
01.उप निरीक्षक उमेश धर द्विवेदी थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर।
02.मुख्य आरक्षी जयकुमार चौरसिया थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर।
03.आरक्षी रुद्र प्रताप नायक थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर।
04. आरक्षी प्रदीप पाल थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर।
05. आरक्षी महेश चंद्र यादव थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर।

**<u>प्रेस नोट दिनाँकः- 22.03.2023 थाना कठेला समय माता जनपद सिद्धार्थनगर</u>**

**थाना कठेला समय माता पुलिस द्वारा छेड़खानी के आरोपी अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

अमित कुमार आनन्द पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण में जयराम क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के कुशल निर्देशन व सन्तोष कुमार यादव प्रभारी निरीक्षक कठेला समय माता के नेतृत्व में आज दिनांक 22.03.2023 को कठेला समय माता पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 31/2023 धारा 354,323/504/506 व 6/7 पाक्सो एक्ट के आरोपी अभियुक्त बलिराम पुत्र त्रिभुवन निवासी बनरही थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर को सोनबरसा पुल से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

01. बलिराम पुत्र त्रिभुवन निवासी बनरही थाना शोहरतगढ जनपद सिद्धार्थनगर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

01. उ0नि0 बीरेंद्र कुमार यादव थाना कठेला समय माता जनपद सिद्धार्थनगर।
02. उ0नि0 बिजय प्रताप यादव थाना कठेला समय माता जनपद सिद्धार्थनगर।